TV उत्तरशक्ति NEWS

मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्षः 7 अंक 208
गुरुवार, 13 फरवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ


# अमित शाह ने आतंकवाद को पूरी तरह उखाड़ फेंकने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, 12 फरवरी।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को संदिग्ध आतंकवादियों की ओर से किए गए एक आईईडी विस्फोट में सेना के कैप्टन समेत दो जवान शहीद हो गए, जबकि एक अन्य घायल हो गया। हमले के तुरंत बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को आतंकवाद को पूरी तरह उखाड़ फेंकने के लिए कई निर्देश दिये हैं। हम आपको बता दें कि शहीद सैनिकों की पहचान कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी और नायक मुकेश के रूप में हुई है। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कॉर्प्स इकाई के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा ने सोमवार को राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर शत्रुतापूर्ण गतिविधियों का जायजा लिया था। सेना ने आईईडी विस्फोट में दो जवानों के शहीद होने की पुष्टि की और कहा, हमारे जवानों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है और तलाश अभियान जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि जवान भट्टल इलाके में गश्त कर रहे थे, तभी दोपहर तीन बजकर 50 मिनट पर एक अग्रिम चौकी के पास शक्तिशाली विस्फोट हुआ और वे इसकी चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, विस्फोट में एक अन्य जवान घायल हो गया और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट



नाइट कॉर्प्स इकाई ने दोनों जवानों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया।

उधर दोनों जवानों के परिजनों ने कहा कि हमें शहादत पर गर्व है और हम चाहते हैं कि आतंकवादियों को कतई बख्शा नहीं जाये।इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के लिए प्रतिबद्ध है। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को कड़ी निगरानी, सीमा ग्रिड को मजबूत करने और निगरानी तथा सरहद की हिफाजत के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके अंतरराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ पूरी तरह से रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को केंद्र शासित प्रदेश में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ तालमेल जारी रखने का भी निर्देश दिया। गृह मंत्री ने सीआरपीएफ की शीतकालीन कार्य योजना की समीक्षा की और सुरक्षा बल के शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में वर्चस्व में कोई कमी न रहे तथा जम्मू क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करें और ऊंचे स्थानों पर अपना दबदबा बनाए रखें। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार 'आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर' के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आतंक मुक्त जम्मू-कश्मीर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अर्धसैनिक बलों की भूमिका पर बल दिया। गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में काम कर रहे खुफिया तंत्र की भी समीक्षा की और उन्हें गुणवत्तापूर्ण खुफिया जानकारी उत्पन्न करने के लिए कवरेज और पैठ बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने खुफि या जानकारी उत्पन्न करने के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व को दोहराया। शाह ने कहा कि आतंक-वित्तपोषण की निगरानी, नार्को-आतंकवादी मामलों पर कड़ी पकड़ और जम्मू-कश्मीर में पूरे आतंक के इकोसिस्टम को खत्म करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शून्य आतंक योजना के लिए मजबूत कदम उठाये जा रहे हैं। गृह मंत्री ने राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा किए जा रहे नकारात्मक प्रचार का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्देश दिया, ताकि लोगों के सामने सही तस्वीर पेश की जा सके।

## राजस्थान के श्रीमाधोपुर के पास सड़क हादसे में पत्नी-पत्नी की मौत, छह घायल



**श्रीमाधोपुर, 12 फरवरी।** राजस्थान के श्रीमाधोपुर के पास बुधवार तड़के हुए एक सड़क हादसे में पति पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में छह अन्य घायल हुए हैं। श्रीमाधोपुर थाने के हेड कॉन्स्टेबल श्रीराम ने बताया कि कार में सवार लोग आगरा से खाटूश्यामजी जा रहे थे। इसी दौरान, श्रीमाधोपुर के पास खंडेला रोड पर बंद पड़े रलावता टोल पर ये हादसा हो गया। बुधवार तड़के हुए इस हादसे में आगरा निवासी अजीत सिंह (35) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी सीमा (33) ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में दंपत्ति सहित छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मुफ्त की रेवड़ियों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव से पहले मुफ्त सुविधाओं की घोषणा करने की प्रथा की निंदा की और कहा कि लोग काम करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि उन्हें मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है। ये टिप्पणियाँ न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने की जो शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि दुर्भाग्य से इन मुफ्त सुविधाओं के कारण लोग काम करने को तैयार नहीं हैं। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है। उन्हें बिना कोई काम किए राशि मिल रही है। हम उनके लिए आपकी चिंता की सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए ।

## पत्नी की सहमति के बिना उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाना अपराध नहीं : हाईकोर्ट

**छत्तीसगढ़।** अपनी वयस्क पत्नी के साथ उसकी सहमति के बिना भी पुरुष द्वारा अप्राकृतिक यौन संबंध बनाना अपराध नहीं माना जा सकता, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने जगदलपुर निवासी को बलात्कार और अन्य आरोपों से बरी करते हुए यह टिप्पणी की। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कहा कि पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ उसकी सहमति के बगैर किसी भी तरह के यौन कृत्य को दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने सोमवार को एक आदेश में यह टिप्पणी की और आरोपी पति को भारतीय दंड संहिता की तीनों धाराओं 304, 376 और 377 के तहत लगे सभी आरोपों से बरी



कर दिया है तथा उसे तत्काल जेल से रिहा करने का आदेश दिया। इस मामले में अदालत ने पिछले साल 19 नवंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था और सोमवार (10 फरवरी) को फैसला सुनाया।

उच्च न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर (जगदलपुर) के निवासी याचिकाकर्ता पति ने अपनी पत्नी के साथ 11 दिसंबर 2017 की रात को उसकी सहमति के बगैर अप्राकृतिक संबंध बनाए थे। पति पर आरोप लगाया कि इस कृत्य के कारण पीड़िता को असह्य पीड़ा हुई और बाद में इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया। जब मामले की सुनवाई अधीनस्थ अदालत में हुई तब अदालत ने आईपीसी की धारा 377 (अप्राकृतिक यौन कृत्य) 376 (दुष्कर्म) और 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत पति को दोषी ठहराया और उसे 10 साल कारावास की सजा सुनाई। अदालत के इस फैसले के बाद पति ने उच्च न्यायालय में अपील दायर की।

## इंद्राणी मुखर्जी की विदेश यात्रा की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

**नई दिल्ली, 12 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इंद्राणी मुखर्जी की विदेश यात्रा की अनुमति देने से इनकार करने के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा और निचली अदालत को शीना बोरा हत्या मामले में एक साल के भीतर कार्यवाही समाप्त करने का निर्देश दिया। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि आप वापस आएंगे. ट्रायल अंतिम चरण में है. इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि मुकदमा चल रहा है, हम इस स्तर पर अनुरोध पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। हम निचली अदालत को सुनवाई में तेजी लाने और एक साल के भीतर सुनवाई पूरी करने का निर्देश देते हैं। पीठ ने मुखर्जी को निचली अदालत में जाने की छूट दी।

सीबीआई के वकील ने मुखर्जी के विदेश यात्रा के अनुरोध का विरोध करते हुए तर्क दिया कि मामला संवेदनशील था और मुकदमा पहले ही आधा आगे बढ़ चुका था, जिसमें 96 गवाहों से पूछताछ की गई थी। मुखर्जी के वकील ने दलील दी कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है और 92 और गवाहों से पूछताछ की जानी बाकी है। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रायल कोर्ट पिछले चार महीनों से खाली है, जिससे



कार्यवाही में और देरी हो सकती है। 19 जुलाई को एक विशेष अदालत द्वारा मुखर्जी को अगले तीन महीनों में 10 दिनों के लिए स्पेन और यूके की यात्रा की अनुमति देने के बाद यात्रा प्रतिबंधों का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। हालाँकि, बॉम्बे हाई कोर्ट ने 27 सितंबर को सीबीआई की अपील के बाद इस आदेश को पलट दिया। मुखर्जी ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया। वकील सना रईस खान के माध्यम से दायर अपनी याचिका में, मुखर्जी ने कहा कि वह एक ब्रिटिश नागरिक थीं क्योंकि उन्होंने आवश्यक परिवर्तन और संशोधन करने और लंबित कार्यों की देखभाल के लिए स्पेन और अपने गृह देश की यात्रा करने की अनुमति मांगी थी, जिसे उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति के बिना नहीं किया जा सकता। उन्होंने तर्क दिया कि स्पेन में सभी प्रासंगिक कार्यों और प्रशासन के लिए डिजिटल प्रमाणपत्र की सक्रियता जरूरी थी और उनकी भौतिक उपस्थिति अनिवार्य थी।

## मथुरा में महाकुंभ से लौट रही दो बसों की टक्कर में तीन लोगों की मौत, दो दर्जन घायल

**मथुरा, 12 फरवरी।** मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर महाकुंभ से लौट रही एक डबल डेकर बस ने एक अन्य खड़ी बस को टक्कर मार दी जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि जो बस खड़ी थी वह भी प्रयागराज में महाकुंभ से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रही थी। यह बस भी डबल डेकर थी। खड़ी बस के बाहर उतरे दो यात्री दब गए और उनकी मौके पर ही



मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब महाकुंभ से लौट रही एक बस में एक्सप्रेसवे पर तकनीकी खराबी आ गई। चालक ने बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और किसी को कल-पुर्जे लाने के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि प्रयागराज से लौट रही एक अन्य डबल डेकर बस एक कार से आगे निकलने की कोशिश में खड़ी बस से टकरा गई। राया पुलिस थाने के प्रभारी अजय किशोर ने बताया कि मृतकों की पहचान दिल्ली के नवादा निवासी परमानंद (68), गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी निवासी राजकुमार (50) और मध्यप्रदेश के छतरपुर निवासी अमित मिश्रा (23) के रूप में हुई है।

## पार्टी के नोटिस का जवाब दूंगाः अनिल विज

**हरियाणा, 12 फरवरी।** हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष मोहन लाल बडौली पर बार-बार निशाना साधने को लेकर पार्टी द्वारा उन्हें जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब देंगे।

बडौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर सोमवार को विज को नोटिस जारी किया गया और पार्टी ने मंत्री से तीन दिन के भीतर लिखित जवाब मांगा है। हवाई अड्डे के बाहर यहां पत्रकारों से बातचीत में विज ने कहा कि वह पिछले तीन दिन से बेंगलुरु में थे और घर पहुंचने के बाद अपना जवाब तैयार करेंगे।

हरियाणा के अंबाला कैंट स्थित अपने घर जाने से पहले ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री विज ने शाम में संवाददाताओं से कहा, मैं घर जाऊंगा, ठंडे पानी से नहाऊंगा, खाना खाऊंगा और अपना जवाब लिखने बैठूंगा, जिसे मैं आलाकमान को भेजूंगा।

प्रदेश भाजपा प्रमुख बडौली ने विज को जारी नोटिस में कहा,



आपको सूचित किया जाता है कि आपने हाल में पार्टी (के प्रदेश) अध्यक्ष (बडौली) और मुख्यमंत्री पद के खिलाफ सार्वजनिक बयान दिए हैं। ये गंभीर आरोप हैं और पार्टी की नीति और आंतरिक अनुशासन के खिलाफ हैं। इसमें कहा गया, हम आपसे तीन दिन के भीतर इस विषय पर लिखित स्पष्टीकरण देने की अपेक्षा करते हैं। अंबाला कैंट से सात बार के विधायक विज (71) लगातार सैनी पर निशाना साध रहे थे। हालांकि, मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे को तवज्जो नहीं दी और दावा किया था कि विज नाराज नहीं हैं और पार्टी के वरिष्ठ नेता होने के नाते उन्हें अपनी बात कहने का अधिकार है।





ARUNODAYA Surgical & Trauma Center
अरुणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर

जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरैपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)

वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग

गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी
सेवा 24 घण्टे उपलब्ध

डा. अरूण आर. सिंह
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एस.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम. जी. एच. (सायन हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम. जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवी मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)

डा0 पुनीत सिंह
M.S.M.C.H.
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरो सर्जन)

डा0 रवि प्रकाश सिंह
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

डा0 प्रभात सिंह
M.D.( Medicine)
कंसल्टेंट फिजिशियन

डा0 सुमित कुमार सिंह
M.D.( Neuro Psychiatrist)
मानसिक रोग विशेषज्ञ

24/7 Emergency Services

बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
Medi Assist STAR
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
8090966086,8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर

SALVATION HOSPITAL
साल्वेशन हॉस्पिटल
The Culture of Care

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना संबद्ध अस्पताल

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
प्रदेश के लगभग 6 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख रुपये तक के इलाज पूरी तरह से निःशुल्क

24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी

डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव
B.A.M.S.
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)

डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O.
(APOLO HOSPITAL) P.G.D.S.
Member of Indian Medical
Association UPMCI Rg. No. 95653

नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

## बीएलएस इंटरनेशनल का तीसरी तिमाही में बेहतरीन वित्तीय प्रदर्शन

**मुंबई।** भारत के मल्टीनेशनल कॉर्पोरेशन और सरकारों व नागरिकों के लिए भरोसेमंद ग्लोबल टेक-इनेबल्ड सर्विस पार्टनर बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेस लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अपने समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी का परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 17.1% बढ़कर 512.8 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 437.9 करोड़ रुपये था। कंपनी का एबिटा वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 88.6 करोड़ रुपये की तुलना में इस तिमाही में 78.5% बढ़कर 158.1 करोड़ रुपये हो गया। एबिटा मार्जिन वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 20.2% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 30.8% हो गया। पार्टनर द्वारा संचालित मॉडल से स्व-प्रबंधित मॉडल में चल रहे बदलाव और नए अधिग्रहित व्यवसायों के एकीकरण से मार्जिन विस्तार को बढ़ावा मिला। तिमाही के लिए पीएटी वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 87.2 करोड़ रुपये की तुलना में 127.9 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की समान तिमाही से 46.7% की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025 में किए गए अधिग्रहणों के बाद 31 दिसंबर 2024 तक कंपनी का शुद्ध नकदी शेष 690 करोड़ रुपये था। बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेस लिमिटेड के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर श्री शिखर अग्रवाल ने कहा, ३कंपनी ने इस तिमाही में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा है, जो सभी प्रमुख वित्तीय और परिचालन मानकों में मजबूत वृद्धि से स्पष्ट होता है। एबिटा में सुधार पर कंपनी ने ध्यान केंद्रित किया था और इसका ही नतीजा है कि हमने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 78.5% और वित्त वर्ष 2025 के नौ माह में 78.3% की सालाना वृद्धि दर्ज की है। यह वृद्धि मजबूत ऑपरेशनल इफिशियंसी, पार्टनर-मैनेज्ड मॉडल से सेल्स-मैनेज्ड मॉडल में परिवर्तन, और नए व्यवसायों के एकीकरण के कारण संभव हुई है। इस तिमाही में हमने आदिफिडेलिस सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेड और इसकी सहयोगी कंपनियों में 57% नियंत्रण हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।

## गुजरात इंजेक्ट लिमिटेड ने तीसरी तिमाही के मजबूत नतीजों की घोषणा की

**मुंबई।** बीएसई लिस्टेड, गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड देश में कृषि उत्पादों के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध अग्रणी कंपनी है। कंपनी ने दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 4500% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। कंपनी थोक सब्जियों और फलों का व्यापार करने में माहिर है। यह सीधे किसानों से ताजा उपज प्राप्त करती है और गुणवत्ता, ताजगी और दोषरहित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करते हुए इसे दुकानदारों तक पहुंचाती है। गुजरात इंजेक्ट (केरल) का दिसंबर-2024 तिमाही का शुद्ध लाभ 21.16 लाख रुपए था, जो गत वर्ष की इसी अवधि में शुद्ध लाभ 0.46 लाख की तुलना में 45 गुना ज्यादा अधिक रहा। इसके अलावा, दिसंबर-2024 तिमाही में कंपनी की आय 315.23 लाख रुपए थी, जो गत वर्ष इसी समयावधि में 21.59 लाख दर्ज की गई थी, यह कंपनी की 1,360% तक की वृद्धि दर्शाता है। दिसंबर-2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, गुजरात इंजेक्ट (केरल) की आवक 1,480.86 लाख रुपए दर्ज की गई है जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 36.96 लाख रुपए थी। यानी यह 3,906% की वृद्धि दर्शाता है। साथ ही, नौ महीने की अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 94.40 लाख रुपए था, जो पिछले वर्ष इसी समयावधि में 4.48 लाख रुपए से 2,007% अधिक है। गुजरात इंजेक्ट (केरल) के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपए है और शुक्रवार, 7 फरवरी, 2025 को इसका समापन मूल्य 27.13 रुपए था। पिछले 52 हफ्तों में, शेयर 28 रुपए की उच्च और 8.74 रुपए का न्यूनतम स्तर देखा गया है। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 38.04 करोड़ रुपए है।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने मुंबई, महाराष्ट्र में स्कूल शिक्षकों के लिए रोड सेफ्टी सम्मेलन आयोजित किया

**मुंबई।** यातायात सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों के तहत, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने मुंबई, महाराष्ट्र में महत्वपूर्ण रोड सेफ्टी सम्मेलन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एचएमएसआई की सतत परियोजना - हमारी भविष्य की पीढ़ी के लिए मानसिकता विकास का एक प्रमुख पहलू है, जो प्रारंभिक अवस्था से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सम्मेलन में मुंबई के सरकारी स्कूलों के 100 प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में सम्मानित अतिथियों में श्री निसार खान, उप शिक्षा अधिकारी, पश्चिमी उपनगर, मुंबई; श्री गोरखनाथ भावरी, प्रशासनिक अधिकारी, स्कूल शिक्षा, मुंबई; श्री प्रभु नागराज, ऑपरेटिंग अधिकारी, कॉर्पोरेट अफेयर्स; और श्री हरप्रीत सिंह, महाप्रबंधक, सेफ्टी राइडिंग डिवीजन - कॉर्पोरेट अफेयर्स सहित सरकार और एचएमएसआई के अन्य प्रतिष्ठित प्रतिनिधि उपस्थित रहे। भारत के चुनौतीपूर्ण यातायात माहौल को ध्यान में रखते हुए, एचएमएसआई शिक्षा और मानसिकता विकास की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देता है, जो जिम्मेदार सड़क व्यवहार को आकार देने में सहायक है। इस सम्मेलन का उद्देश्य छात्रों और समुदायों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करना था। भारत में वर्तमान यातायात परिदृश्य को देखते हुए, अनुशासित सड़क उपयोग की सख्त आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए एचएमएसआई ने विशेष रूप से डिजाइन किए गए शैक्षिक मॉड्यूल प्रस्तुत किए, जो बच्चों में ३सुरक्षा प्रथम३ की मानसिकता विकसित करने में मदद करेंगे।

## मेटा का नया कदम: इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स के साथ किशोरों के लिए और भी सुरक्षित ऑनलाइन अनुभव

**मुंबई/पटना।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर, मेटा भारत में चरणबद्ध तरीके से इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स का विस्तार कर रहा है, जिससे युवा उपयोगकर्ताओं की ऑनलाइन सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके। ये टीन अकाउंट्स खासतौर पर किशोरों के लिए बनाए गए हैं, ताकि उन्हें एक सुरक्षित और उनकी उम्र के उपयुक्त डिजिटल अनुभव मिल सके। इन अकाउंट्स में पहले से मौजूद सुरक्षा सुविधाएं अवांछित बातचीत को सीमित करती हैं, गोपनीयता सेटिंग्स को मजबूत बनाती हैं और माता-पिता को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण रखने में मदद करती हैं, जिससे युवा उपयोगकर्ताओं को एक अधिक सुरक्षित सोशल मीडिया अनुभव मिल सके।

आज के डिजिटल दौर में, जहां इंटरनेट बच्चों की सोच और आदतों को प्रभावित कर रहा है, वहां उनकी ऑनलाइन सुरक्षा बेहद जरूरी हो गई है। माता-पिता, शिक्षक और नीति-निमार्ता लंबे समय से साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और गोपनीयता जोखिमों को लेकर चिंतित हैं। इंस्टाग्राम का नया टीन अकाउंट फीचर इन चिंताओं का समाधान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह 16 साल से कम उम्र के सभी किशोरों के लिए सख्त सुरक्षा सेटिंग्स को अपने आप लागू कर देता है, जिससे संदेश भेजने, बातचीत करने और हानिकारक सामग्री देखने पर कड़ा नियंत्रण रहता है।

# सामूहिक नकल के मामले सामने आने पर परीक्षा केंद्रों पर स्थायी प्रतिबंध लगाया जाएगा: फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि जिन परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए सामूहिक रूप से नकल की सूचना मिलेगी, उन पर स्थायी रूप से रोक लगा दी जाएगी। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमएसबीएसएचएसई) के अनुसार, मंगलवार को महाराष्ट्र उच्चतर माध्यमिक प्रमाणपत्र (एचएससी) की 12वीं की परीक्षा के पहले दिन नकल करने के 42 मामले सामने आए।

फडणवीस ने मंगलवार को अधिकारियों को संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर ड्रोन और वीडियो कैमरों से निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि अगर नकल कराने में स्कूल कर्मचारी या शिक्षक शामिल पाए गए तो उन्हें बर्खास्त कर दिया जाए।

यह निर्णय मंगलवार को राज्य मंत्रिमडल की बैठक के दौरान लिया गया। फडणवीस ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस के अधिकारियों से भी बातचीत की और परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलाधिकारी विशेष दस्ते बनाएं जो परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचें और उत्तर पुस्तिकाएं संरक्षक के पास जमा होने तक वहीं रहें। उन्होंने कहा कि जिन परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए सामूहिक रूप से नकल की सूचना मिलेगी, उन पर स्थायी रूप से रोक लगा दी जाएगी।

राज्य के 3,373 केंद्रों पर 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं जो 18 मार्च तक जारी रहेंगी। राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बताया, ह्यह्यएचएससी परीक्षा के पहले दिन नकल के 42 मामले सामने आए।ह्लह्ल राज्य के तीन हजार से अधिक परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन 15 लाख से अधिक छात्रों ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी।

## महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में स्पेशल कमांडो यूनिट सी-60 का जवान शहीद



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ सी-60 का एक जवान मंगलवार को शहीद हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शहीद जवान की पहचान 39 वर्षीय महेश नागुलवार के रूप में हुई है, जो गढ़चिरौली का रहने वाला था और स्पेशल ऑपरेशन स्क्वॉड से जुड़ा हुआ था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिरांगी और फुलनार गांव के बीच नक्सली शिविर स्थापित किए जाने की खुफिया सूचना के आधार पर सोमवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 18 सी-60 इकाइयों और 2 क्यूएटी इकाइयों ने अभियान शुरू किया था।

अधिकारी के मुताबिक, अभियान में नागुलवार को गोली लगी और उसे हेलीकॉप्टर से इलाज के लिए गढ़चिरौली ले जाया गया, जहां वह शहीद हो गया। अधिकारी के अनुसार, जवान का अंतिम संस्कार बुधवार को गढ़चिरौली में उसके पैतृक गांव में किया जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की कि राज्य सरकार मुठभेड़ में शहीद हुए जवान के परिवार को दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देगी।

## नवी मुंबई में रोड रेज की घटना में हुई हत्या के आरोप में एक गिरफ्तार

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई में इस महीने की शुरूआत में रोड रेज की घटना में दो मोटरसाइकिल सवारों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या की जांच के सिलसिले में पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दो फरवरी को सड़क पर हुए इस विवाद में वाशी निवासी शिवकुमार रोशनलाल शर्मा (45) की मौत हो गई थी। शर्मा अपने दोपहिया वाहन से बेलपाड़ा-उत्सव चौक रोड से गुजर रहे थे तभी उन्होंने अपना वाहन सामने से आ रहे स्कूटर के सामने से अचानक मोड़ दिया था।

इस हरकत से गुस्साए आरोपी शर्मा की गाड़ी रुकवाया और उनसे भिड़ गए। उनमें से एक ने पीड़ित को पकड़ लिया, जबकि दूसरे ने उसके सिर पर हेलमेट से वार किया। शर्मा मौके पर ही गिर पड़े। पुलिस के अनुसार, कुछ राहगीरों ने उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने के लिए आठ टीम बनाई। पुलिस ने मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि उन्होंने विभिन्न इलाकों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और संदिग्धों का पता लगाने के लिए तकनीकी और खुफिया सूचनाओं का भी इस्तेमाल किया।

पुलिस ने मंगलवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर पड़ोसी जिला मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) से मोहम्मद रेहान अंसारी (22) नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे 15 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# जिला परिषद कार्यालय में मनाई गई संत शिरोमणि रोहिदास महाराज की जयंती



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिला मुख्यालय अंतर्गत स्थित जिला परिषद कार्यालय में बुधवार 12 फरवरी 2025 को संत शिरोमणि रोहिदास महाराज की जयंती मनाई गई। इस मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे तथा समाज कल्याण समिति सभापति मनीषा निमकर ने संत शिरोमणि रोहिदास महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया। बतादें कि संत शिरोमणि रोहिदास महाराज (1267-1335 [1]) ने 15 वीं से 16 वीं शताब्दी के भक्ति आंदोलन के एक भारतीय गूढ़ कवि संत थे। वे उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के आधुनिक प्रदेशों में गुरु (आध्यात्मिक शिक्षक) यानी पूज्यनीय, वे कवि, समाज सुधारक और आध्यात्मिक व्यक्तित्व थे। गुरु रविदास को रैदास, रोहिदास एवं रूहीदास के नाम से भी जाना जाता है।संत शिरोमणि रोहिदास महाराज 15 वीं से 16 शताब्दी के दरम्यान भक्ति आंदोलन चलाने वाले भारतीय रहस्यवादी कवि थे।संत शिरोमणि रोहिदास महाराज के भक्ति गीतों का भक्ति आंदोलन ने पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में गुरु (शिक्षक) का स्थायी रूप से प्रभाव पड़ा । वह एक कवि-संत, समाज सुधारक और एक आध्यात्मिक व्यक्तित्व थे। ऐसे महापुरुष की जयंती जिला परिषद कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर परियोजना संचालक डॉ. रूपाली सातपुते, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी, परियोजना संचालक जल जीवन मिशन अतुल पारसकर, प्राथमिक शिक्षा अधिकारी सोनाली मातेकर के अलावा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## 'हमारे प्राण जुगल बिहारी' पुस्तक का लोकार्पण



**मुंबई।** श्री अजय धूत द्वारा लिखित पुस्तक हमारे प्राण जुगल बिहारी का लोकार्पण समारोह मुंबई के प्रतिष्ठित यशवंतराव चव्हाण हॉल में संपन्न हुआ। इस पुस्तक का लोकार्पण प्रसिद्ध वैष्णव संत, वक्ता और वैदिक ज्ञान के विद्वान श्री पुंडरिक गोस्वामी जी महाराज के कर कमलों द्वारा किया गया। यह पुस्तक भागवत प्रेमी और जुगल बिहारी जी के परम भक्त, मुंबई के प्रसिद्ध व्यापारी श्री अजय धूत की अनमोल रचना है। श्री अजय धूत की यह दूसरी पुस्तक है। इससे पहले उनकी पुस्तक मन के मोती प्रकाशित हो चुकी है, जिसे पाठकों द्वारा सराहा गया था। श्री अजय धूत द्वारा लिखित हमारे प्राण जुगल बिहारी न केवल एक धार्मिक रचना है, बल्कि इसमें अध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों का अद्भुत समावेश है। यह पुस्तक विशेष रूप से युवाओं को ध्यान में रखकर लिखी गई है, ताकि वे इन मूल्यों को समझकर अपने जीवन में संतुलन और अपने दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन कर सकें। श्री अजय धूत ने इस पुस्तक के माध्यम से यह संदेश दिया है कि संतों की सेवा और भगवान जुगल बिहारी की भक्ति जीवन को सार्थक बना सकती है। इस लोकार्पण समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए परम पूजनीय संत श्री पुंडरिक गोस्वामी जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित हुए। श्री गोस्वामी जी श्री मन माधव गौड़ीय पीठ की 38वीं पीढ़ी के उत्तराधिकारी हैं। उनकी हिंदू वैदिक ज्ञान पर असाधारण पकड़ और इसे आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करने की अद्वितीय क्षमता ने उन्हें एक उत्कृष्ट वक्ता के रूप में ख्याति दिलाई है।

इसके साथ ही, श्री पुंडरिक गोस्वामी जी समाज सेवा के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कई चिकित्सा शिविरों का नेतृत्व किया है, जहाँ जरूरतमंदों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की गईं। साथ ही, वह वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## कैरेटलेन ने सगाई की अंगूठियों का संग्रह लॉन्च किया




**मुंबई।** भारत के अग्रणी ओम्नीचैनल आभूषण ब्रांड, कैरेटलेन - ए टाटा प्रोडक्ट ने सगाई की अंगूठियों का नया संग्रह लॉन्च किया है, जिसे इसके कई रूपों में प्यार का जश्न मनाने के लिए तैयार किया गया है। इसका प्रचार अभियान शादी के प्रस्तावों के अक्सर-अनदेखे लेकिन गहरे भावनात्मक पहलूः शादी का प्रस्ताव रखने से पहले पुरुषों की घबराहट और आत्म-चिंतन - को दशार्ता है। एक संवेदनशील और विचारोत्तेजक कहानी के जरिये, यह फिल्म उनके करियर से लेकर उनके व्यक्तित्व तक पुरुषों के सामने आने वाले सामाजिक दबावों की पड़ताल करती है और आखिरकार सबसे महत्वपूर्ण सवाल पर ध्यान केंद्रित करती है और वह है - 'मुझसे शादी करोगी' ?इस संग्रह में सबसे प्रमुख है 73 फैसेट (पहलू) वाला कैरेटलेन गुलनारा सॉलिटेयर है जो चमक और कलात्मकता का प्रतीक है। ऐसे अनूठे तरीके से तराशा गया यह हीरा रोशनी के प्रतिबिंब को बढ़ाता है, बेजोड़ चमक प्रदान करता है और यह आपकी जैसी दुर्लभ और असाधारण प्रेम कहानी का प्रतीक बनाने के लिए एकदम सटीक विकल्प है।

कैरेटलेन ने विश्व में अपनी तरह के पहली बार किये गए नवोन्मेष, पोस्टकाड्र्स के साथ प्यार को व्यक्त करने के तरीके को भी पुनर्परिभाषित किया है, जिससे ग्राहक किसी भी अंगूठी में अपने दिल से निकली आवाज डिजिटल संदेश के रूप में एम्बेड कर सकते हैं। इस अंगूठी को पाने वाला हमेशा के लिए संजोई गई याद को फिर से जीने के लिए अंगूठी को स्कैन कर सकता है, जो इस खास पल को बेहद व्यक्तिगत बनाता है।सौमेन भौमिक, मुख्य कार्यकारी, कैरेटलेन ने कहा,३हमारा मानना है कि हर प्रेम कहानी अनूठी होती है और इसे समान रूप से अनोखे तरीके से मनाया जाना चाहिए।

सगाई संग्रह का शुभारंभ, विशेष 73- फैसेट वाले कैरेटलेन गुलनारा सॉलिटेयर से रेखांकित होता है और यह नवोन्मेषी डिजाइन और शानदार शिल्प कौशल की पेशकश करने के प्रति हमारे समर्पण को दशार्ता है। पोस्टकाड्र्स के साथ, हम सहजता से प्रौद्योगिकी का मेल भावना के साथ कर रहे हैं और ग्राहकों के अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मौके का जश्न मनाने के तरीके को पुनर्परिभाषित करते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि हर कैरेटलेन हीरा प्यार और स्नेह का प्रतीक बन जाए। कैरेटलेन का सगाई संग्रह सभी के लिए कुछ न कुछ पेश करने के वादे पर बनाया गया है।

कालातीत सॉलिटेयर से लेकर किफायती प्रीसेट डिजाइन तक, यह संग्रह सभी के लिए सटीक सगाई की अंगूठी खोजने के सपने को सुलभ बनाता है। इस संग्रह में 400 से ज्यादा डिजाइन हैं ग्राहक सावधानीपूर्वक तैयार की गई इन अंगूठियों में से चुनाव कर सकते हैं। ये अंगूठियां प्यार और व्यक्तित्व को दशार्ती हैं।

## पवार के साथ अच्छे संबंधों का आनंद लें, उनसे किसी गुगली का सामना नहीं करना पड़ेगा: एकनाथ शिंदे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उनसे सीखने वाली बात है कि राजनीतिक क्षेत्र से परे जाकर अच्छे संबंध कैसे बनाकर रखे जा सकते हैं।

शिंदे यहां होने वाले 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उपलक्ष्य में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में पवार द्वारा महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, पवार गुगली गेंदें भी फेंकते हैं, जिन्हें समझना मुश्किल होता है। मेरे पवार के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन उन्होंने मुझे कभी गुगली नहीं फेंकी। मुझे पूरा भरोसा है कि वह भविष्य में भी मुझे गुगली नहीं फेंकेंगे।

शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं, जिससे ढाई साल की कम अवधि में राज्य में विकास कार्य सुनिश्चित हुए। उन्होंने कहा कि पवार महाराष्ट्र में इतने कम समय में हुए विकास कार्यों के भी गवाह रहे हैं।

शिंदे ने कहा, वह (पवार) मुझे अक्सर फोन करते हैं। किसी को पवार से सीखना होगा कि राजनीतिक सीमाओं से परे जाकर रिश्ते कैसे बनाकर रखे जाते हैं। यहां तालकटोरा स्टेडियम में 98वां अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन 21 से 23 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। पवार सम्मेलन की स्वागत समिति के अध्यक्ष हैं।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com







स्वामी: शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालय: मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

## जोनल अध्यक्ष विनय जायसवाल ने जौनपुर जक्शन रेलवे अंडर बाईपास सुरंग का किया निरीक्षण



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। रेलवे उपभोक्ता फोरम उत्तर रेलवे के जोनल अध्यक्ष विनय जायसवाल ने रसूलाबाद मिल चौराहा से शीतला धाम चौकियाँ को जाने वाली सुरंग का निरीक्षण किया। सुरंग में लाइट की व्यवस्था नहीं होने के कारण गहरी नाराजगी जताई। तत्काल उन्होंने रेलवे के जेई से एवं नगर पालिका अध्यक्ष जौनपुर से बात की और सुरंग में जल्द से जल्द लाइट लगवाने के लिए निर्देशित किया। जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े ' उत्तर रेलवे के जोनल अध्यक्ष विनय जायसवाल ने बताया कि सुरंग में लाइट की व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।आए दिन अधिक संख्या में लोग इस सुरंग से होकर गुजरते हैं। सुरंग में अंधेरा होने के कारण लोग गिर जा रहे हैं,लोगों को गंभीर चोट आ जा रही हैं। डकैती,हत्या,लूट जैसी घटनाएं होने की आशंका हमेशा इस सुरंग से जाने आने वाले राहगीरों के लिए बनी रहती है ' हम लोग जनता के सेवक है जनता के लिए ही दिन-रात काम करते हैं। इस अवसर पर चंद्रेश जायसवाल, अनिल वर्मा, विपिन चौरसिया, राम रतन सेठ, बृजेश, रोहित शर्मा, अभिषेक सेठ, संतोष शर्मा, विपिन मौर्य,आलोक रंजन, इत्यादि लोग भारी मात्रा में मौजूद रहे।

## बसपा सुप्रीमो का एक्शनः आकाश आनंद के ससुर डा. अशोक सिद्धार्थ पार्टी से निष्कासित

लखनऊ(उत्तरशक्ति) ।बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में आकाश आनंद के ससुर डॉ.अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. अशोक सिद्धार्थ की बेटी से आकाश आनंद की शादी हुई है। डॉ. अशोक सिद्धार्थ के पिता बसपा संस्थापक कांशीराम के सहयोगी रहे हैं। सोशल मीडिया साइट एक्स पर मायावती ने कहा कि बसपा की ओर से खासकर दक्षिणी राज्यों के प्रभारी रहे डॉ. अशोक सिद्धार्थ पूर्व सांसद व नितिन सिंह जिला मेरठ को, चेतावनी के बावजूद भी गुटबाजी आदि की पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी के हित में तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाता है। मायावती के इस निर्णय को दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी नेताओं को सख्त संदेश देने के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में बसपा ने जहां पर भी प्रत्याशी खड़े किये थे वहां पर जमानत जब्त हो गई। डॉ. अशोक सिद्धार्थ मायावती के काफी नजदीकी माने जाते थे और उनके पास पार्टी की कई बड़ी जिम्मेदारियां थीं।

## ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं निखारने की जरूरतः डीएम



महराजगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के एबीएस इंटर नेशनल स्कूल पर बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।ऐसे में विद्यालय के चेयरमैन ने अंग वस्त्रम व बूके देकर सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि जौनपुर जिलाधिकारी डॉ.दिनेश सिंह ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में भी प्रतिभा छुपी हुई है। जिसे निखारने की जरूरत है।शिक्षक और परिजन और बच्चों को शिक्षा देने के लिए आगे बढ़े। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जेईई मेंस परिक्षा में 99.8333 अंक प्राप्त करने वाले छात्र विवेक कुमार गुप्ता पुत्र दिनेश गुप्ता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।मौके पर विद्यालय चेयर मैन संजय सिंह,बदलापुर उपजिलाधिकारी योगिता सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल,डायरेक्टर सतीश सिंह,विवेक श्रीवास्तव, कंचन सहित गणमान्य लोग रहे।

## बारात से फोटोग्राफर की बाइक चोरी

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। केराकत क्षेत्र के छितौना गांव निवासी नवनीत कुमार की बाइक उस समय गायब हो गई जब पड़ोसी गांव नदौली (चैरसिया बस्ती) में मंगलवार की रात एक शादी समारोह में फोटो ग्राफी करने गया था। फोटोग्राफी होने के बाद जब नवनीत जहां वहान खड़ा किया था वहां पहुंचा तो बाइक गायब देख पैरो तले से जमीन खिसक गई। आस-पास काफी खोजबीन की गई मगर कही कोई पता नहीं चल सका। भुक्तभोगी मायूस होकर घर पहुंच परिजनों को आपबीती बताई। फलस्वरूप बुधवार की सुबह कोतवाली पहुंच की पत्नी बबिता कुमारी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। तहरीर के आधार पर खोजबीन शुरू कर दी है। नवनीत कुमार ने बताया कि खोई हुई बाइक मेरी पत्नी बबिता कुमारी के नाम पर है।

## पुलिस ने चोरी के सामान साथ 03 महिलाओं को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे ।अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर जौनपुर परमानन्द कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष मछलीशहर जौनपुर त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 12.02.2025 को थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 42/2025 धारा 303(2)/317(2) ) बी0एन0एस0 पराहित मोड के पास चोरी किये गये जेवरात के साथ अभियुक्तगण 1. मेहनाज पत्नी स्व0 गुड्डू नि0 बरामनपुर थाना केराकत जौनपुर उम्र करीब 40 वर्ष 2. शकीना पत्नी राजू उर्फ नेता नि0 बरामनपुर झमका थाना केराकत जौनपुर उम्र 35 वर्ष 3. रेहनाज उर्फ पुट्टी पत्नी निजामुद्दीन नि0 झमका ब्राम्हणपुर थाना केराकत जौनपुर को आज समय करीब 09.20 बजे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्तागणो को न्यायालय रवाना किया जा रहा है ।

## सरायख्वाजा पुलिस द्वारा वांछित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना सरायख्वाजा पुलिस द्वारा चोरी के मुकदमा में वांछित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 83/25 अंतर्गत धारा 303(2),इठर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण मटरु नट पुत्र गुड्डू नट निवासी ग्राम सहदाऊदपुर उर्फ ककोरगहना (नट बस्ती) थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष, पाणे नट पुत्र रफीक नट निवासी ग्राम सहदाऊदपुर उर्फ ककोरगहना (नट बस्ती) थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर उम्र 20 वर्ष को आज दिनांक 12.02.2025 को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## वाराणसी में बाबा के दर्शन से पहले तीन श्रद्धालुओं सहित चार की मौत, कतार में ही हो गए थे बेहाश

डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। में काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब तीन श्रद्धालु अचेत होकर गिर पड़े और कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। उन्हें मंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा कैंट रेलवे स्टेशन पर भी तबीयत बिगड़ने से बिहार के एक व्यक्ति की मौत हो गई। परिजन इनकी लाश को लेकर अपने-अपने घर चले गए। जानकारी के अनुसार, श्रद्धालु महाकुंभ से काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने आए थे। पोस्टमार्टम करवाने से परिजनों



ने इन्कार कर दिया था। जिससे मौत के कारण का पता नहीं चला सका। इनमें सिर्फ सिलीगुड़ी के निवासी एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार हरिश्चंद्र घाट पर किया गया। मृतकों में बिहार के छपरा निवासी संजय कुमार (43) सिलीगुड़ी (पंश्चिम बंगाल) निवासी (54) और दिल्ली निवासी शक्ति माथुर (63) शामिल रहे। बताया जा रहा है कि दोपहर बाद श्रद्धालु करतारबद्ध होकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए पहुंच थे। उनके गिरते ही परिजन भी हैरान हो गए कि आखिर क्या हो गया? सूचना पाकर मंदिर के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। चेहरे पर पानी मारकर होश में लाने की कोशिश की गई लेकिन कुछ आवाज नहीं आ रही थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को मंडलीय अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कैंट रेलवे स्टेशन पर मुजफ्फरपुर (बिहार) के निवासी विजैन सेन की हालत खराब होने पर उन्हें अस्पताल भेजा गया। यहां डाक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। इनमें किसी का भी पोस्टमार्टम नहीं किया गया।

## बदलापुर थाना प्रभारी पर लगा 5 लाख रु मांगने का आरोप

*** कॉलेज प्रबंधक का आरोप पैसा न देने पर झूठे मुकदमे में फसाने की दी जा रही धमकी**

*** लगाए हुए आरोपों की होगी गहनता से जांच: क्षेत्राधिकारी बदलापुर**



बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बदलापुर थाना क्षेत्र के भलुवाही निवासी संजय सिंह गुड्डू ने बदलापुर थाना प्रभारी गजानंद चौबे पर आरोप लगाया है कि 13/14 जनवरी 2025 की रात 12:10 बजे पीड़ित अपने जौनपुर नगर के तारापुर कालोनी आवास पर सो रहा था। कि इतने में बदलापुर थाना प्रभारी गजानन्द चौबे करीब सात-आठ पुलिस वालो के साथ पीड़ित के मकान पर आकर गेट तोड़ने लगे भद्दी-भद्दी गाली देते हुए जोर-जोर से पीटना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर संजय सिंह ने गेट खोला तो थाना प्रभारी बदलापुर देखते ही गाली देने लगे बोले तुमको उक्त मुकदमें में मुल्जिम बना दूंगा। संजय सिंह की पत्नी मीरा सिंह भी घर के बाहर निकली तो उनको भी अपमानित करते हुए भद्दी-भद्दी गाली दी गई और कहा कि सुधीर सिंह उर्फ सुड्डू को हाजिर करो नहीं तो ठीक नहीं होगा। पीड़ित का आरोप है कि थाना प्रभारी बोले तुम्ही को पकड़कर पैर में गोली मारकर मुल्जिम बना दूंगा पीड़ित ने थाना प्रभारी से कहा मैं परिवार से काफी सालों से अलग हूँ मुझसे मतलब नहीं है। काफी देर तक परेशान करने का भी पीड़ित ने आरोप लगाया है पीड़ित का कथन है कि वह पिछले 35 वर्षों से तारापुर कालोनी जौनपुर में रह रहा है। पुलिस कभी उसके घर नहीं आई लेकिन 13 और 14 जनवरी सन 2025 को अचानक पुलिस रात में आकर पीड़ित की मान मयार्दा को समाप्त कर दिया। पीड़ित का कथन है कि उसके घर पर सी०सी०टी०वी० कैमरा लगा है, सारे साक्ष्य उपलब्ध है। पुलिस घर में जबरदस्ती घुसकर तलाशी लेने लगी, पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है। थाना प्रभारी बदलापुर व उनकी टीम के विरूद्ध जांच कर-के उचित कार्यवाही की जाए। इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि थाना प्रभारी पर लगाए गए आरोपों की गहनता से जांच की जाएगी,और दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

## कक्षा 10 के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई





-वसीम अहमद खान

कादीपुर, सुल्तानपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के अल्फारुक पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए एक भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों, प्रधानाचार्य और विद्यार्थियों ने मिलकर छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समारोह की शुरूआत कक्षा 10 की छात्रा नेहा खान फीता काटकर किया। उसके बाद कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें नृत्य, गीत और कविता पाठ शामिल थे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा और उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी में कक्षा 10 की होनहार छात्रा नेहा खान और छात्र शेख मोहम्मद अतहर को स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर चुना गया। निखत बेस्ट एक्टिविटी, उत्कर्ष शुक्ला बेस्ट क्लीनलाइनेस, शेख मोहम्मद अतहर बेस्ट एटेंडेंस के लिए चुना गया। समस्त चयनित प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणित अध्यापक बेस्ट टीचर अवार्ड 2025 उपलब्धि अर्जित करने में सफल रहे। को विद्यालय के प्रधानाचार्य ने ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया। बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित बसंत कुमार मिश्रा ने काफी भावुक मुद्रा में दिखे। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि कठिशन परिश्रम और अनुशासन से सपनों को साकार किया जा सकता है। सही दिशा में किया गया प्रयास काफी असफल नहीं होता। परीक्षा अच्छे अंक अर्जित करने के लिए कक्षा 10 के छात्रों को टिप्स हुए जीवन में अनुशासन और मेहनत का महत्व समझाया। कक्षा 10 के छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और स्कूल से जुड़ी अपनी यादों को ताजा किया। समारोह का समापन विदाई संदेश और उपहार वितरण के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और इस भावुक माहौल में सभी की आँखें नम हो गईं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य वसीम अहमद खान सभी आगंतुकों व अध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर सुधीश कुमार सिंह , प्रोग्राम एक्टिविस्ट जमीर अहमद , एडमिन साधना सिंह, माला सिंह , संजू देवी, सुषमा यादव, जेबा खान, रफिया खान, मरियम खान, तबस्सुम, रिंकी मौर्या, पवन कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सेंड जॉर्ज पब्लिक स्कूल का दसवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



विशाल सोनी

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर के फैजाबाद रोड स्थित सेंट जॉर्ज पब्लिक स्कूल का दसवां वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जौनपुर के जिला अध्यक्ष संजय अस्थाना द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।मुख्य अतिथि संजय अस्थाना ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं विद्यालयों में वार्षिक उत्सव होने से बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है कौन बच्चा कितना टैलेंट है उससे पता चलता है कार्यक्रम को मुख्य रूप से विक्रम सिंह राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला सहसंयोजक अभिषेक सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुये उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा झलकती है और बच्चों में आगे बढ़ने का उत्साह रहता है कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शाहगंज कोतवाली के कस्बा इंचार्ज प्रद्युम्न मणि त्रिपाठी द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मेटल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर चंचल कुमार जायसवाल ने आए हुए सभी आगंतुओं के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन शैलेश नाग दने किया।

## लायंस क्लब रॉयल ने वृद्धाश्रम में बिखेरी खुशियां, सेवा और सम्मान के साथ मनाई वर्षगांठ

संस्कारों की रोशनी में वृद्धजन का सम्मान सर्वोपरि मधुसूदन बैंकर

-अभिताश गुप्ता

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहने वाली संस्था लायंस क्लब जौनपुर रॉयल ने मंगलवार को अपने संस्थापक सदस्य आनंद साहू और श्वेता साहू की वैवाहिक वर्षगांठ को एक विशेष रूप में मनाया। इस अवसर को अनोखा बनाने के लिए क्लब के सदस्यों ने नगर के सुक्खीपुर स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया और वहां निवासरत बुजुर्गों के साथ खुशियां साझा कीं। क्लब के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में निवासरत महिलाओं को साड़ी और पुरूषों को अंगवस्त्रम भेंट किए और उनके साथ मिलकर केक काटा, जिससे वृद्धाश्रम का माहौल उल्लास से भर गया। इस कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब जौनपुर रॉयल के अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने कहा,हमारी संस्कृति हमें सिखाती है कि वृद्धजन उपेक्षा नहीं, बल्कि सम्मान के पात्र हैं। हमें अपने संस्कारों को भूलना नहीं चाहिए और अपने माता-पिता व बुजुर्गों की सेवा को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना चाहिए। संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा अभागे हैं वे लोग जो अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ देते हैं। माता-पिता हमारे लिए संजीवनी के समान होते हैं,उनका तिरस्कार करना हमारे संस्कारों के विरुद्ध है! कार्यक्रम संयोजक आनंद साहू और श्वेता साहू ने बुजुर्गों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कहा आप सभी का आशीर्वाद हमारे लिए अनमोल है। हमें हमेशा अपने बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और उनकी सेवा करनी चाहिए। क्लब के उपाध्यक्ष संजीव साहू और कोषाध्यक्ष राजेश किशोर श्रीवास्तव ने आश्वस्त किया कि,क्लब हमेशा जरूरतमंदों की सहायता और सेवा के लिए तत्पर रहेगा। समाज के कम भाग्यशाली लोगों की मदद करना ही हमारी प्राथमिकता है! इस मौके पर क्लब की प्रथम महिला रेनू बैंकर, श्वेता साहू, विभा साहू, ममता साहूऔर शिल्पी साहू ने सभी महिलाओं को साड़ी भेंट की, जबकि पुरुषों को अंगवस्त्रम प्रदान किया गया। नए वस्त्र पाकर बुजुर्गों के चेहरों पर जो प्रसन्नता आई, उसने सभी को भावुक कर दिया। वृद्धजनों ने भी क्लब के सदस्यों को भरपूर आशीर्वाद दिया और इस आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के अन्त में आनंद साहू और श्वेता साहू की वैवाहिक वर्षगांठ का जश्न भी वृद्धजनों के साथ मनाया गया। वृद्धाश्रम में ही केक काटकर इस पल को यादगार बनाया गया। इसके बाद क्लब सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ बैठकर समोसा और मिष्ठान ग्रहण किया, जिससे सभी को घर जैसा सुखद अनुभव हुआ। इस विशेष सेवा कार्य में क्लब के कई सदस्य मनोज साहू , राजेंद्र स्वर्णकार,नवीन साहू, ज्ञानेंद्र साहू, अजयनाथ

### ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति) ।खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के निर्देश के क्रम में जिला खेल कार्यालय, सीतापुर के तत्वावधान में ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 फरवरी, 2025 तक स्पोर्ट स्टेडियम सीतापुर में किया जा रहा है तथा जिला खेल कार्यालय, गाजीपुर के तत्वावधान में ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 28 फरवरी, 2025 तक नेहरू स्पोर्ट स्टेडियम गोराबाजार, गाजीपुर में किया जा रहा है ।उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर की सीनियर महिला कबड्डी खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 15 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद स्तर पर चयनित महिला कबड्डी खिलाड़ी ही प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। इच्छुक खिलाड़ी श्री कन्हैया सिंह यादव, अंशकालिक मानदेय कबड्डी प्रशिक्षक से सम्पर्क कर, प्रतिभाग कर सकती हैं। उक्त जानकारी उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह ने दी है।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण का वितरण





जौनपुर (उत्तरशक्ति)। 12 फरवरी 2025 को विधायक विधान सभा मडियाहूँ, आर०के० पटेल द्वारा विकास खण्ड-रामनगर के परिसर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण का वितरण, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला एवं खण्ड विकास अधिकारी रेनू चौधरी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वारा कुल 68 ट्राईसाइकिल, 07 स्मार्टकेन, 02 हियरिंग एड, 02 व्हीलचेयर, 07 स्मार्टकेन का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्रीजी और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिव्यांग जनों के हितार्थ अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और उनको लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग जनों के लिए कोकलियर इंप्लांट योजना,आवास योजना व पेंशन की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंस के दिव्यांग होते हुए भी सभी बाधाओं को पार करते हुए विज्ञान के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों तथा उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला द्वारा विभागीय योजनाओं के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। खंड विकास अधिकारी रेनू चौधरी द्वारा विकासखंड पर चला दिव्यांग जनों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को बताया। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कर्मचारियों एवं विकास खण्ड के कर्मचारियों द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। कार्यक्रम का संचालन रत्नेश कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता द्वारा किया गया।

## दबंगों ने महिला को बुरी तरह मारपीट कर किया घायल, मोबाइल व गहना छिनने का आरोप



रियाजुल हक

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बक्शा थाना क्षेत्र के बरपुर मई गांव में एक महिला को बेरहमी से पीटा गया। पीड़ित महिलाएं चीख-चीखकर रहम की गुहार लगाती रहीं, लेकिन दबंगों का दिल नहीं पसीजा। गांव की निवासी साफिया बानो अपनी वृद्ध सास के साथ खेत में घास काट कर रही थीं। उसी समय पड़ोसी गफ्फार खेत पर पहुंच गया। जब साफिया और उसकी सास ने इसका विरोध किया। तो गफ्फार ने अपनी दबंगो को बुलाकर गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतर आए। दबंगों ने मारपीट की हदें की पार दबंगों ने महिला को जमीन पर बाल पकड़कर घसीटा और बुरी तरह पीटा। मारपीट के दौरान उसके कपड़े फाड़ दिए गए और पैर तोड़ दिया जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है पीड़िता ने मोबाइल व गहना छिनने का लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि उसका मोबाइल व गहना भी घटना के बाद से गायब है। और इसके पहले भी तकरीबन 3 से 4 महीने पहले भी दबंगों ने मारपीट की थी जिसकी शिकायत पीड़िता व उसके परिवार के लोगों ने बक्शा थाना पर की थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार परेशान विवाहिता साफिया अपने परिवारजनो के साथ बक्शा थाने पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। साफिया ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोग आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही कार्रवाई की उम्मीद है। बक्शा थानाध्यक्ष का कथन इस सम्बन्ध में बक्शा थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है महिला को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## मत्स्य विभाग ने आगामी दस वर्ष के लिये दिए विभिन्न जलाशयों के टेंडर

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिला मत्स्य अधिकारी शाहिद जमाल ने बताया कि 5 फरवरी 2025 को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सात जलाशयो की निविदा प्राप्त हुई है ।11 जलाशयों की निविदा के लिए सूचना जारी की गई थी ।जिसमे सबसे अधिक बोली पर बादशाही जलाशय खेतासराय का टेंडर मेराज अहमद ने प्राप्त किया। श्री जमाल ने बताया कि 5 फरवरी को निविदा आमंत्रित की गई थी जो शासनादेश 28/2023/756 सत्रह म 17/1099/63/2022 दिनांक 25/09/2023 में निहित शर्तों के अनुरूप और 10 जनवरी 2025 को निविदा समिति की बैठक कार्यवृत्त के अनुसार जिले के 11 जलाशय रोहुआ ताल, बादशाही, संघल,बदायूं, रेहटी,आदमपुर,मिजार्पुर, मल्हनी, हिदरहिया, मैनीपुर, सुन्दरकोइरी की थी जिनमें विभिन्न 7 जलाशयों की निविदा विभाग को प्राप्त हुई है उन्हें दस वर्ष के लिए यानि 30 जून 2035 तक के लिए दी गई है। सबसे ज्यादा बोली पर टेंडर प्राप्त करने वाले मेराज अहमद ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि इस सरकार में बिल्कुल पारदर्शी कार्य हो रहा है किसी तरह का कोई भेद भाव नही हो रहा है में नियम व कानून के हिसाब से कार्य करूँगा।

## वर्ष के सबसे नवोन्वेषी शिक्षक₹ पुरस्कार से सम्मानित हुए विशाल सेठ

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोटा प्वाइंट कोचिंग जौनपुर के निदेशक विशाल सेठ को सीखने के अनुभव को बदलने में उनकी असाधारण रचनात्मकता और समर्पण के लिए ₹वर्ष के सबसे नवोन्वेषी शिक्षक₹ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सेंट पॉल स्कूल गोरखपुर में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (डीडीयूजीयू) की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन द्वारा सम्मानित किया गया।

## रत्नाकर चौबे बने ब्राह्मण संगठन के जिला अध्यक्ष



महराजगंज ,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के ढेमा गांव में रविंद्र मिश्र के यहां अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा. की एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. श्रीपति उपाध्याय द्वारा बिशुनपुर मझवारा सिरकोनी निवासी रत्नाकर चौबे को जिला अध्यक्ष मनोनीत कर प्रमाण पत्र दिया गया वही डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र को मुख्य संरक्षक अतिरिक्त प्रभार जौनपुर व अनिरूद्ध तिवारी को बदलापुर ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया। वही यह जिम्मेदारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के दिशा निर्देश पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए पदाधिकारी नियुक्त किए गए। इस मौके पर रामदयाल द्विवेदी, अजय त्रिपाठी, रामकृष्ण त्रिपाठी, राम त्रिपाठी, कैलाश शुक्ला, कृष्णा उपाध्याय, रमापति मिश्रा, माताफेर मिश्र, महेंद्र उपाध्याय, अमितेंद्र तिवारी, अरविंद मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष महराजगंज, चक्रपति उपाध्याय, रामसहाय पाण्डेय, शशिकांत पाठक, उदयभान पाण्डेय, अनुज कुमार मिश्रा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## हनुमान मंदिर में प्रेमी जोड़े ने रचाई शादी



धर्मेंद्र कुमार शर्मा

बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। तहसील में स्थित हनुमान मंदिर में एक प्रेमी जोड़े ने प्रेम विवाह रचाया,जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक महराजगंज के कोल्हूआ गांव की सुमन हरिजन और राजस्थान के अलवर निवासी जनार्दन ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर एक दूसरे को वर माला पहनकर शादी रचाई। इस दौरान तहसील के कुछ अधिवक्ता भी मौजूद रहे। शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में हैं। जिसमें दोनों एक-

